मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-324
15/05/2026

सुल्तानगंज नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी स्व0 कृष्ण भूषण कुमार की धर्मपत्नी को नौकरी देगी राज्य सरकार :– मुख्यमंत्री

- **सुल्तानगंज नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी स्व0 कृष्ण भूषण कुमार के परिजन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात।**

पटना, 15 मई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से सुल्तानगंज नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी स्व0 कृष्ण भूषण कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती शालू कुमारी जी एवं पीड़ित परिवार ने मुलाकात कर परिवार के भरण–पोषण तथा अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए नियमानुसार उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी देगी एवं हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार ने स्व0 कृष्ण भूषण कुमार के आश्रित को 25 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी थी। गौरतलब है कि 28 अप्रैल को सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

******